prevailing position in regard to GATS and the various sectors of education. The Government is saying one thing and doing another thing. This is very bad.

DR. BIPLAB DASGUPTA (West Bengal): Sir, I associate myself with what Shri Eduardo Faleiro has stated.

श्रीमती चन्द्रकला पांडे (पश्चिमी बंगाल) : महोदय, मैं माननीय सदस्य से स्वयं को संबद्ध करती हूं।

श्रीमती सरला माहेश्वरी (पश्चिमी बंगाल) . महोदय, मै माननीय सदस्य से स्वयं को संबद्ध करती हूं ।

श्री जनेश्वर मिश्र (उत्तर प्रदेश) : महोदय, मै माननीय सदस्य से स्वयं को संबध्द करता हूं ।

Corruption in giving contract for Indian Airlines magazines

श्री मोती लाल वोरा (छत्तीसगढ़) . माननीय सभापति महोदय, इंडियन एयरलाइन्स-एलायन्स एयर को स्वागत के प्रस्तुतकर्ता ट्रांसएशिया इंडिया से अब तक सालाना लाइसेंस शुल्क रायल्टी के रूप में 100 लाख रुपए, 50 लाख रुपए की बैंक गारंटी तथा 60,000 प्रतिया माहवार करार के रूप में मिल रही थी । 22 वर्षो से चल रहा यह करार 2004 तक के लिए था किंतु इंडियन एयरलाइन्स-एलायन्स एयर के अध्यक्ष ने पायनियर समूह के सीएमवाईक से 10 मई, 2002 को करार किया है जिसके अनुसार अब इंडियन एयरलाइन्स-एलायन्स एयर को मात्र 12 लाख रुपए वार्षिक रायल्टी, 6 लाख रुपए की बैंक गारंटी तथा पत्रिका की 20,000 प्रतियां माहवार मिलेगी । अध्यक्ष के इस आचरण से इंडियन एयरलाइन्स-एलायन्स एयर को जो भारी घाटा हुआ है, उसके कारण संदेह पैदा होता है , इतना ही नही, स्वागत विश्व स्तर की 100 से ज्यादा पृष्ठो की पत्रिका थी किन्तु नई पत्रिका नमस्कार का प्रकाशन ही नही हो पा रहा है ।

इन सारी चीज़ो को देखते हुए मेरा प्रधान मंत्री जी से अनुरोध है कि पूरे मामले की जांच केन्द्रीय जांच ब्यूरो से कराएं तथा जांच निष्पक्ष हो, इसके लिए यह जरूरी है कि इंडियन एयरलाइन्स-एलायन्स एयर के वर्तमान अध्यक्ष को स्थानान्तरित किया जाए ।

Molestation of women in Suddan village of district Hazaribagh in Jharkhand

श्री जनेश्वर मिश्र (उत्तर प्रदेश) : माननीय सभापति महोदय, मै आपका और सदन का ध्यान झारखंड के हजारीबाग जिले के सुदान गांव की उस घिनौनी घटना की ओर दिलाना चाहता हूं, जहां पर दो महिलाओं को पहले तो निर्वस्त्र कर उन्हे घुमाया गया और उसके बाद उनके साथ मानवता को दहला देने वाली ऐसी वारदात की गई, जिसकी कल्पना मात्र से मेरे जैसे व्यक्ति के शरीर पर सिहरन दौड़ जाती है

यह घटना एक सवर्ण जाति के व्यक्ति की हत्या होने के बाद उस हत्या में उसी गांव की एक पचास वर्षीय महिला जिसका नाम शरिया देवी है और उसकी बहु बसंती देवी को इस आशंका पर कि हत्या इनकी शह पर हुई है, गांव के लोगो ने दोनो महिलाओ को पकड़ कर एक कमरे मे बंद कर उनके साथ पांच लोगो ने बलात्कार किया, उसके बाद दोनो को निर्वस्त्र कर उनके चेहरो पर गोबर लगाकर समूचे गांव में घुमाया तथा उन्हे मानव मल भी खाने के लिए विवश किया गया। यह पूरी घटना सुबह आठ बजे से शाम तक चलती रही और उनको बचाने न तो प्रशासनिक तंत्र आया और न ही गांव के किसी व्यक्ति ने उनकी मदद करने की कोशिश की।

मै सरकार से मांग करता हूं कि सरकार इस समूचे घट्नाक्रम की उच्च स्तरीय ढ़ंग से, यदि आवश्यक हो तो दिल्ली से जांच एजेंसी भेजकर, जांच कराए और दोषी लोगो के खिलाफ़ सख्त से सख्त कार्यवाही करे ताकि इस तरह के तत्व दोबारा इस प्रकार की घटनाओ की पुनरावृत्ति न कर सकें।

श्री गया सिंह (बिहार): महोदय, मै अपने आप को इस विषय से सम्बद्ध करता हूं।

SHRI EDUARDO FALEIRO (Goa): Sir, I associate myself with this issue. The highest punishment should be imposed on them. Thank you.

श्रीमती सरला माहेश्वरी (पश्चिमी बंगाल) : सभापति जी, मै आपने आपको इस विषय से सम्बद्ध करती हूं। मै एक बात कहना चाहूंगी कि इस तरह की घटनाएं, इस तरह के जुल्म जो महिलाओ पर होते है , बार-बार हम उनको इस सदन में उठाते रहते है लेकिन उसके बाद क्या कार्यवाही की जाती है, उसके बारे में कोई रिपोर्ट यहां नही दी जाती है। इसलिए मैं आपसे निवेदन करूंगी कि जो मामले हम यहां उठाते हैं, उनके बारे में सरकार कम से कम इस सदन को सूचित तो करे कि उन पर क्या कार्यवाही हुई। मैनें गुजरात का मामला उठाया कि एक महिला को जला दिया गया लेकिन उसके बारे मे इस सदन को सूचित नही किया गया। इस तरह की कई घटनाएं घट चुकी हैं और इस तरह के जुल्म बढ़ते जा रहे है। इसलिए सभापति जी, आप सरकार को सूचित करें कि वह इस तरह की कार्यवाही न करे, सरकार यहां पर बैठी हुई है। आखिर हम बोलते है तो किसलिए ? इसलिए कि कार्यवाही हो, सिर्फ़ बोलने के लिए तो नही बोला जाता है ? धन्यवाद।

डा. अबरार अहमद (राजस्थान) : सभापति महोदय, वह बहुत शर्मनाक घटना है, मै इस विषय से अपने को सम्बध्द करता हूं।

Mysterious ship found near Ratnagiri Coast

श्री कलराज मिश्र (उत्तर प्रदेश) . माननीय सभापति जी, महाराष्ट्र के रत्नागिरी तट के पास अभी पिछली 3 जुलाई को लावारिस अवस्था में एक जहाज पाया गया। जहाज 'अलमता' 1974 में जर्मन की एक कम्पनी द्वारा बनाया गया है ? इसका आरम्भिक नाम सेंड था। इसका